तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार, 13 जुलाई 2025

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]



14 कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश, तय समय में ...





14 विधिक जागरूकता और सामाजिक योजनाओं ...









## खबर संक्षेप



### बाल कैबिनेट एवं इको क्लब का किया गठन

**दुर्गूकोंदल।** शासकीय उमावि आमाकडा में बाल कैबिनेट एवं ईको क्लब का गठन किया गया। बाल कैबिनेट में प्रधानमंत्री डोमेश्वरी कवाची, उप प्रधानमंत्री मनीषा हिडको साथ ही अन्य मंत्रियो का गठन किया गया। इसके उपरांत इको क्लब का गठन किया गया। प्रभारी प्राचार्य शैल पांडे द्वारा सभी मंत्रियों को शपथ दिलाकर बच्चों को पद के महत्व को बताया।संस्था के समस्त शिक्षक गण छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### तालाब में डूबने से हुई नाबालिग की मौत

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पेनकोड़ो निवासी 17 वर्षीय राम कुमार कोला तालाब में डूब गया, जिसे तालाब से निकाल कर अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल पहुंचने से पहले उसकी मौत हो गई। सिविल अस्पताल पखांजुर के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक तालाब में डूब गया, जिससे उसकी 11 जुलाई को मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### योजना : सरकार दुधारू गाय पालने पर महिला किसानों को एक साल तक करेगी मदद

# आदिवासी महिला किसानों का सशक्त बनाने एक जोड़ी दुधारू गाय की मिली सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

आदिवासी महिला किसानों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक परिवर्तनकारी दुधारू गाय वितरण योजना द्वितीय चरण में बस्तर संभाग के कांकेर जिले में शुरू हुआ है, जहाँ आदिवासी महिला किसानों को उनकी आजीविका बढ़ाने, पोषण में सुधार करने और आदिवासी परिवारों के बीच आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए दुधारू गाय वितरण का शुभारंभ सांसद भोजराज नाग, विधायक विक्रम उसेंडी एवं अन्य अतिथियों की उपस्थिति में 12 जुलाई को कांकेर जिले के कोयलीबेड़ा विकासखंड के ग्राम बड़गांव में हुआ।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने इस वर्ष छह चिन्हित जिलों कांकेर, कोंडागांव, महासमुंद, सारंगढ़, जशपुर और बलरामपुर में प्रत्येक आदिवासी महिला किसान को 2 दूध देने वाली गाय वितरित करने के लिए पशु प्रेरण पर एक पायलट परियोजना को मंजूरी दिया है। इस योजना से इन 6 जिलो में 325 आदिवासी परिवार लाभन्वित होंगे। पायलट प्रोजेक्ट की सफलता के बाद, इस वर्ष इसे पूरे राज्य में विस्तारित किया जाएगा। यह योजना एनडीडीबी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनडीडीबी डेयरी सर्विसेस की मदद से छत्तीसगढ़ राज्य दुग्ध महासंघ मर्यादित द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है। इस योजना के तहत, राज्य सरकार पशु की लागत पर 50 प्रतिदिन अनुदान देगी, जो कि 2 दुधारू गाय के लिए 70,000 रुपए है, 40 प्रतिशत यानी 56 हजार रूपएं बैंक ऋण के रूप में आएगा और शेष 10 प्रति यानी 14 हजार रूपएं लाभार्थी के अंशदान के रूप में आएगा। आदिवासी महिला किसानों को आसानी से ऋण उपलब्ध कराने के लिए, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी डेयरी संघ ने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जो रियायती ब्याज दर पर 4 साल की अवधि के लिए ऋण प्रदान करेगा। ऋण की किस्त लाभार्थी किसानों के दूध के बिल से वसूल की जाएगी। योजना के तहत पायलट परियोजना में कोंडागांव, महासमुंद, सारंगढ़, जशपुर, ▶▶| शेष पेज 12 पर

**खास बातें**

- आदिवासी महिलाओं को आर्थिक रूप से मदद करने के लिए बनाई गई योजना
- पायलट योजना के तहत कांकेर जिले के सबसे ज्यादा 75 महिला किसानों को मिलेगा लाभ



### सबसे ज्यादा किसान महिला कांकेर की होंगी लाभान्वित : विक्रम

अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी ने कहा कि यह पायलट योजना है और कांकेर जिले को लिया गया है। पायलट योजना के तहत कांकेर जिले में सबसे ज्यादा 75 महिला किसान को दो दुधारू गाय देने का लक्ष्य तय किया गया है। पायलट योजना के सफल होने के बाद इस योजना को पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा। पायलट योजना में प्रदेश के अन्य 6 जिलो में केवल 50-50 महिला किसान को दुधारू गाय मिलेगी। मेरे विधानसभा क्षेत्र से सबसे ज्यादा दूध देवभोग के पास जाता है, इस क्षेत्र के लोग खेती किसानी एवं ऐसे कार्यो में ज्यादा रूचि लेते है, इसीलिए सरकार ने इस योजना का शुभारंभ मेरे विधानसभा क्षेत्र से किया है।

### कांकेर के लिए यह बड़ी सौगात

एक वर्ष तक यह मिलेगी निःशुल्क सुविधा एनडीडीबी के सीनियर मैनेजर एवं सीजी के हेड प्रोजेक्ट प्रभारी केसी बेहरा अधिकारी ने बताया कि लाभार्थियों को एक वर्ष की अवधि के लिए निःशुल्क सहायता मिलेगी, जिसमें गाय की बीमा एक साल के लिए, पशु स्वास्थ्य पर नजर रखने के लिए पशु निगरानी उपकरण, प्रति पशु प्रति दिन 5 किलोग्राम साइलेज चारा, प्रति पशु प्रति दिन 2 किलोग्राम पशु आहर, प्रति पशु प्रति दिन 50 ग्राम खनिज मिश्रण, पशु प्रेरण से पहले और बाद में वैज्ञानिक पशु प्रबंधन प्रथाओं पर किसानों को प्रशिक्षण, राज्य की पशु चिकित्सा सेवा पशु प्रजनन एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएगी।

### लाभान्वित होने वाली आदिवासी महिलाएं

विकासखंड कोयलीबेड़ा के ग्राम घोड़ागांव की 5 महिलाएं शांति बाई पोटाई पति सोम सिंग पोटाई, सोगाय गावड़े पति देवराज गावड़े, दशरी पोटाई पति आयतुराम पोटाई, गीता पोटाई पति सीरंगू पोटाई, गोमा नुरेटी पति पीलसाय नुरी, सोहगांव निवासी प्रीति नायक पति जासलाल नायक, देवपुर निवासी रामकुंवर टोप्पा विश्वास पति अपूर्व विश्वास को दुधारू गाय मिलने का सौभाग्य मिला है।


## मेड़ बांधने की बात को लेकर दो किसान आपस में भिड़े, काउंटर केस हुआ दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बड़गांव थानांतर्गत नाकापारा के दो किसान खेत से पानी निकासी की बात को लेकर आपस में भिड़ गए। दोनो पक्ष के द्वारा एक दूसरे के साथ जमकर मारपीट किया गया। विवाद के बाद दोनो पक्ष थाना पहुंचे और एक दूसरे के खिलाफ मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कराया।

थाना में शिकायत करने पहुंचे नाकापारा बड़गांव निवासी 43 वर्षीय प्रधुम्न शर्मा पिता मनमोहन शर्मा ने पुलिस को बताया कि 9 जुलाई की सुबह सवा 8 बजें घर से अपना खेत जो कोटरी नदी के पुल के पास है, वहां पर पहुंचा। वहाँ देखा कि पिछली शाम को रोपाई के लिए पानी निकासी के लिए खोले गए मेड़ को आशोक विश्वकर्मा एवं उसका पुत्र प्रदीप विश्वकर्मा द्वारा मेड़ को बांधा जा रहा था। उनका खेत मेरे खेत के नीचे है, जहां से होते हुए पानी सीधा नदी में जाता है। निकासी के लिए कोई अतिरिक्त साधन नही है। मेरे द्वारा मना किए जाने पर अशोक कुमार विश्वकर्मा एवं उसका पुत्र प्रदीप विश्वकर्मा मुझे गाली देने लगे और मारपीट किया। जान से मारने की धमकी देते हुए गला दबा दिया। दोनो ने मुझे जमीन पर पटक दिया और पत्थर से मेरे सिर पर मारने का प्रयास किया। जैसे तैंसे अपना बचाव किया और वहां से भाग निकला। दोनो के द्वारा मारपीट करने से पैर, हाथ व शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अशोक विश्वकर्मा और प्रदीप विश्वकर्मा के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

दूसरे पक्ष से बड़गांव निवासी अशोक कुमार विश्वकर्मा पिता बृन्दाराम विश्वकर्मा ने पुलिस को बताया कि खेत मेड़ बांध कर मेरा बेटा के साथ पानी निकासी कर रहे थे, तभी प्रधुम्न शर्मा पिता मनमोहन शर्मा अपने कार से उतरकर मेरे खेत के पास आया। बिना कुछ बोले मुझे गाली देने लगा, जान से मारने की नीयत से हाथ मुक्का से मारपीट कर नीचे जमीन में गिराकर मेरा गला को दबा दिया था। तब मेरा लड़का प्रदीप विश्वकर्मा आया और मेरे पिता को क्यों मार रहे ▶▶| शेष पेज 12 पर



- दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लगाए जानलेवा हमले के आरोप

## मिशन समन्वयक को जान से मारने की धमकी देते हुए किया घातक हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

पुराना फॉरेस्ट नाका के दुकान पास रात को टहलने निकले मिशन समन्वयक व उसके दोस्त के साथ कुछ युवको ने हाथ मुक्का व डंडा से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दिया। मारपीट ने दोनो युवको को चोट आई। मिशन समन्वयक की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया। युवकों के द्वारा शासकीय कर्मचारी के साथ इस तरह की गुंडागर्दी किए जाने से माहौल गरमाया हुआ है।

थाना में शिकायत करने पहुंचे जिला कोरबा के ग्राम पोड़ीबाहर निवासी 31 वर्षीय रोहित कश्यप पिता शिव कुमार कश्यप हॉल पता वार्ड क्रमांक 12 नयापारा भानुप्रतापपुर निवासी ने पुलिस को बताया कि नगर पंचायत भानुप्रतापपुर में जिला मिशन समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन में वर्ष 2019 से कार्यरत हूं। कल 10 जुलाई को रात लगभग 11 बजे अपने दोस्त रामेश्वर वर्मा के साथ पुराना फॉरेस्ट नाका भानुप्रतापपुर के पास मन्नू डेली नीड्स एवं पान ठेला में पान खाने एवं गुटखा खरीदने के लिए गए थे। उसी समय दो लड़के वहां पहुंचे और मुझे व मेरे दोस्त रामेश्वर वर्मा को फॉरेस्ट नाका के पास रोड किनारे स्थित फॉरेस्ट गार्डन के अंदर कुछ बात करना है, कहकर ले गए। गार्डन के अंदर स्थित तलाब के पास कुछ और लड़के अपने ▶▶| शेष पेज 12 पर



## सूने घर में चोरी करने वाले को पड़ोसियों ने पहचाना, पुलिस ने चोर को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कोदाभाट के सूने मकान में चोरी करने के लिए घुसे चोर को पड़ोस के लोगो ने देखा और मकान मालिक को जानकारी दिया। मकान मालिक के कहने पर दो पड़ोसी मकान के अंदर घुसे और चोर को पहचान लिया, वहीं चोर नौ दो ग्यारह हो गया। मकान मालिक रायपुर में रहता था, उसके आने के बाद थाना में अपराध दर्ज करने के उपरांत पुलिस ने चोर को पकड़ा और न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे कोदाभाट कांकेर निवासी 55 वर्षीय पूर्णचंद रथ पिता स्व. सच्चिदानंद रथ ने पुलिस को बताया कि वर्तमान मे रायपुर में निवासरत हूं। मेरा कोदाभाट स्थित मकान में पूर्व में मेरी मां रहती थी, जिनके मृत्यु के बाद से घर मे कोई नही रहता है। हम लो रायपुर से बीच बीच में साफ सफाई के लिए आना जाना करते है। पड़ोसी मानवेन्द्र सलाम ने 11 जुलाई को फोन करके बताया कि सुबह करीबन 11 बजे आपके घर के पीछे तार घेरा से कूदकर एक अज्ञात व्यक्ति घर के अंदर घुसा है। मैने फोन पर ही मानवेन्द्र को बोला कि तुम घर के अंदर जाकर देखो। मानवेन्द्र अपने दोस्त अभिषेक के साथ जाकर देखे तो एक अज्ञात व्यक्ति घर के पीछे दरवाजा से घर में चोरी कर कुछ सामान को बोरी मे डालकर ले जा रहा था, जिसे पकड़ा गया और मानवेन्द्र के द्वारा मुझे बताया गया कि घर में चोरी हुई है। मै रायपुर से अपने घर कोदाभाट आकर देखा तो बेडरूम में रखा आलमारी का ताला टूटा हुआ था। घर मे रखे नया मकान में लगाने के लिए लाया गया सेनेटरी का सामान, नल फिटिग्स, घर मे लगा नल फिटिग्स, फ्रिज का कम्प्रेशर, इंडक्शन, बोर का वायर लगभग 20 मीटर को चोरी कर ले गया था। चोरी हुए सामानों ▶▶| शेष पेज 12 पर

- 25 हजार की चोरी, 50 हजार का नुकसान, आरोपी को न्यायिक रिमांड पर



### बस्तर संभागस्तरीय बैठक में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने की चर्चा

# भाजपा नेताओं ने पिछड़ा वर्ग को रिझाने तैयार की रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा की बस्तर संभाग स्तरीय बैठक कमल सदन कांकेर में हुई। बैठक में आगामी पिछड़ा वर्ग मोर्चा का कांकेर में अधिवेशन की तैयारी और विभिन्न विषयों को लेकर चर्चा करते हुए रणनीति तैयार किया गया।

पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष राकेश चन्द्राकर ने कहा कि आने वाला समय में बड़ा कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें एक देश एक चुनाव को लेकर, जाति जनगणना मे पिछड़ा वर्ग को होनै वाले लाभ, संकल्प से सिद्धि तक, एक पेड़ मां के नाम इस विषय पर विस्तृत से जानकारी देते हुए कहा कि हमें जो दायित्व दिया गया है, उसका ईमानदारी से निर्वाह करे। उन्होने कहा कि एक देश एक चुनाव एक देश के लिए एक ऐसा समाधान है, जिससे बार बार होने वाले खर्च, समय व विकास के कार्य बाधित नही होंगे। इसके साथ ही जाति जनगणना मे पिछड़ा वर्ग को एक बड़ा लाभ होगा, इसलिए हमें सभी से अव्हान करना चाहिए कि होने वाले जाति जनगणना में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष महेश जैन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा का आगामी अधिवेशन के लिए पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ-साथ सभी मोर्चों का सहयोग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाना है और जन जन तक केन्द्र सरकार व राज्य सरकार कि योजनाएं पहुंचे, इसके लिए हम सभी को मिलकर कार्य करना है। पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय सिन्हा ने बैठक की प्रस्तावना रखते हुए सभी उपस्थितजनो का स्वागत अभिनन्दन किया।





### बैठक में यह रहे उपस्थित

आयोजित बैठक में हस्तशिल्प कला बोर्ड अध्यक्ष शालिनी राजपूत, प्रदेश महामंत्री टेकेश्वर जैन, भाजपा जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल, पिछड़ा वर्ग के प्रदेश महामंत्री खिलावन साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष निर्देश दिवान, सतीश लाटिया, हलधर साहू, राजा देवनानी, होरी लाल सिन्हा, हेमराज सोनी, नरहरपुर जनपद उपाध्यक्ष संजूगोपाल साहू, हरीश कटझरे, तामेश्वर साहू, सुदामा यादव, रघुनंदन साहू, नरोत्तम वैष्णव, गिरधर यादव, सुरेश यादव, संजीत नाग, दिनेश यादव, बिरेंद्र साहू, बंटी ठाकुर, लखीराम यादव, सुनील सोनी व कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।




## खबर संक्षेप



### मानसिक बीमार युवती को युवा नेता ने पहुंचाया अस्पताल

**पखांजुर।** मानसिक रूप से विकलांग और बीमार युवती को स्थानीय दुकानदारों ने देखा, जो एक बंद दुकान के सामने कंबल ओढ़कर सो रही थी। इसकी जानकारी जब समाज सेवक को जानकारी दी गई तो उन्होंने समय न होने का बहाना बनाकर मदद करने से इनकार कर दिया। मीडिया के माध्यम से भाजपा युवा नेता और पखांजुर नगर पंचायत उपाध्यक्ष शंकर सरकार को जानकारी मिली, जिन्होंने तत्काल 108 एम्बुलेंस बुलाकर युवती को पखांजुर मदर्स चाइल्ड अस्पताल पहुंचाया। शंकर सरकार ने कहा कि युवती के ठीक होने के बाद उसे मेंटल अस्पताल में भर्ती कराया जाएगा। इस सराहनीय कार्य के दौरान भाजपा नेता श्यामू तिवारी, मनोज, स्वपन, उत्तम देवनाथ, मुरली साहू, जवाहर लाल विश्वास और गणेश व अन्य लोग मौजूद रहे।

### छत्तीसगढ़ के अनिमेष कुजूर बने भारत के सबसे तेज धावक



**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के 22 वर्षीय धावक अनिमेष कुजूर ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर राज्य और देश का नाम रोशन किया है। 5 जुलाई को ग्रीस के वारी शहर में आयोजित ड्रोमिया इंटरनेशनल् प्रिंट मीट में उन्होंने 100 मीटर की दौड़ मात्र 10.18 सेकंड में पूरी कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। छोटे से गांव घुईटांगर से निकलकर अनिमेष ने साबित किया है कि मेहनत से अंतरराष्ट्रीय सफलता हासिल की जा सकती है। अनिमेष कुजूर अब भारत के सबसे तेज धावक बन गए हैं। उन्होंने 100 मीटर दौड़ में 10.18 सेकंड का समय निकालकर गुरिंदरवीर सिंह के 10.20 सेकंड के नेशनल रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। अनिमेष 100 और 200 मीटर दोनों दौड़ में सबसे तेज भारतीय एथलीट हैं।

# पशु चिकित्सकों ने स्कूली विद्यार्थियों को रेबीज और पॉलीथिन प्रदूषण के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

विश्व रेबीज दिवस 28 सितंबर के उपलक्ष्य में, कोण्डागांव पशु चिकित्सा विभाग द्वारा आज प्राथमिक एवं हाई स्कूल नवागांव, मर्दापाल में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. एम.बी. सिंह, उपसंचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं, कोण्डागांव के निर्देशानुसार आयोजित इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को रेबीज रोग, पॉलीथीन प्रदूषण और पशुपालन में करियर की संभावनाओं के बारे में शिक्षित करना था। पशु शल्य चिकित्सक डॉ. ढालेश्वरी ने बच्चों को रेबीज के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह एक जानलेवा वायरस जनित रोग है जो संक्रमित कुत्तों या जंगली जानवरों के काटने से फैलता है। डॉ. ढालेश्वरी ने जोर दिया कि कुत्ते के काटने पर घाव को तुरंत साबुन और पानी से धोना चाहिए और बिना देरी किए पास के स्वास्थ्य केंद्र में एंटी–रेबीज टीका लगवाना चाहिए। उन्होंने पालतू कुत्तों के नियमित टीकाकरण की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

## रेबीज रोग, पॉलीथिन प्रदूषण और पशुपालन को बनाया विषयवस्तु

### पॉलीथीन प्रदूषण और करियर मार्गदर्शन

मोबाइल वेटरिनरी यूनिट की प्रभारी डॉ. दीपिका सिदार ने पॉलीथीन प्रदूषण के गंभीर खतरों के बारे में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को पॉलीथीन मुक्त परिवेश बनाए रखने और जैविक विकल्पों को अपनाने के लिए प्रेरित किया, क्योंकि पॉलीथीन मवेशियों के लिए घातक हो सकता है। वेटरिनरी असिस्टेंट सर्जन डॉ. कोर्राम ने विद्यार्थियों को पशु चिकित्सा विज्ञान, डेयरी और फिशरीज जैसे क्षेत्रें में करियर के अवसरों की जानकारी दी, और ग्रामीण युवाओं के लिए पशुपालन को आत्मनिर्भरता का एक सशक्त साधन बताया।



### निःशुल्क टीकाकरण अभियान

डॉ. एमबी सिंह ने घोषणा की कि विश्व रेबीज दिवस, 28 सितंबर को, कोण्डागांव जिले में एक निःशुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान सभी पालतू और आवारा कुत्तों को टीका लगाया जाएगा ताकि जिले को रेबीज मुक्त बनाया जा सके। पशुपालन विभाग ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे 28 सितंबर को अपने पालतू कुत्तों को निकटतम पशु चिकित्सालय में निःशुल्क टीका अवश्य लगवाएं।

## अवैध प्रेम संबंध बना हत्या का कारण, पुलिस ने सुलझाई सनसनीखेज वारदात

# पत्नी और प्रेमी ने मिलकर रची साजिश जंगल में क्रिकेट बैट से की पति की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोण्डागांव जिले के माकड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत मगेदा जंगल में मिले एक अज्ञात शव के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता प्राप्त की है। जांच में यह खुलासा हुआ कि हत्या का कारण मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी के बीच अवैध संबंध थे। पुलिस ने फरार आरोपियों विजय उर्फ विदेश मरकाम और रवीना नागरची को गिरफ्तार कर लिया है। इस केस में तकनीकी जांच, सूझबूझ और टीम वर्क ने एक अज्ञात शव से शुरू हुए रहस्य को उजागर कर न्याय सुनिश्चित किया।

- मगेदा जंगल में मिले शव की गुत्थी सुलझी, पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

आरोपियों ने मृतक की हत्या क्रिकेट बैट से की थी। वारदात को अंजाम देने के बाद शव को जलाने का प्रयास किया गया, लेकिन बारिश के कारण शव पूरी तरह नहीं जल सका। 30 जून को मगेदा जंगल पाउरवेल, उड़ीसा मार्ग के पास एक अज्ञात पुरुष का शव संदिग्ध अवस्था में मिला था। इस पर माकड़ी थाना में मर्ग क्रमांक 27/2025 धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया। प्राथमिक जांच में यह हत्या का मामला पाया गया और धारा 103 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। मृतक की पैंट में मिली जली हुई एंटी–रैबिस वैक्सीन पर्ची से शव की पहचान धर्मवीर नेताम, उम्र 33 वर्ष, निवासी नाथम जिला धमतरी के रूप में हुई। तमिलनाडु के धरमपुरी अस्पताल से प्राप्त सूचना और मोबाइल नंबर से उसकी पुष्टि की गई। तकनीकी जांच में मोबाइल टावर लोकेशन और डेटा विश्लेषण से पता चला कि घटना के समय विदेश मरकाम की लोकेशन घटनास्थल के पास थी। साथ ही, उसकी और रवीना नागरची की बातचीत की आवृत्ति अत्यधिक पाई गई।



### गिरफ्तार आरोपी

*विदेश मरकाम उर्फ लम्बू पिता लच्छानाथ मरकाम, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम कंडेतरा, थाना कुदई, जिला नवरंगपुर उड़ीसा, रवीना नागरची उर्फ रवीना नागेश उम्र 23 वर्ष, पत्नी स्व. धर्मवीर नेताम, निवासी उमरगांव, थाना सिहावा, जिला धमतरी, छत्तीसगढ़ वर्तमान पता ग्राम कुकरेल, थाना केरेगांव।*

### हत्या का प्लान पत्नी रवीना ने प्रेमी के साथ मिलकर रचा

विदेश मरकाम ने पूछताछ में बताया कि वह और रवीना आपस में प्रेम संबंध में थे। मृतक धर्मवीर द्वारा रवीना को लगातार मारपीट कर प्रताड़ित किए जाने से दोनों ने मिलकर उसे मारने की योजना बनाई। रवीना के कहने पर 27 जून को विदेश मरकाम तमिलनाडु जाकर बीमार धर्मवीर को साथ लेकर रवाना हुआ। रास्ते में उसे शराब पिलाकर रायघर उड़ीसा लाया गया। वहां से पेट्रोल और माचिस खरीदी गई। पूर्व नियोजित योजना के तहत मगेदा जंगल में ले जाकर शराब पिलाई गई और क्रिकेट बैट से सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दी गई। हत्या के बाद शव को पेट्रोल डालकर जलाने की कोशिश की गई, लेकिन बारिश के कारण शव पूरी तरह जल नहीं पाया।

### पुलिस अधीक्षक ने की टीम की सराहना

कोण्डागांव पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार ने जांच टीम की मेहनत, तकनीकी दक्षता और त्वरित कार्रवाई की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह केस एक मिसाल है कि यदि जांच वैज्ञानिक तरीके से की जाए तो सबसे जटिल मामलों का भी खुलासा संभव है।

### इनका रहा योगदान

निरीक्षक सौरभ उपाध्याय, सायबर सेल एसडीओपी रूपेश कुमार के नेतृत्व में विशेष जांच दल निरीक्षक विकास बघेल, थाना माकड़ी सायबर टीम एवं तकनीकी विश्लेषण टीम अमिताभ खंडेकर, रीतुराज सिंह, अजय बघेल, बीजू यादव, जितेंद्र यादव, चंदन यादव आदि।

# जोधपुर ढाबा से 36 किलो डोडा पॉपी स्ट्रॉ बरामद, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

जिला कोण्डागांव में नशे के कारोबार पर लगाम कसने हेतु पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में केशकाल पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर की गई रेड कार्यवाही में अवैध मादक पदार्थ डोडा पॉपी स्ट्रॉ जब्त किया है। आरोपी दिलीप जोशी को गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया गया है। केशकाल थाना क्षेत्र के अंतर्गत जोधपुर ढाबा से 3.600 किग्रा अवैध मादक पदार्थ डोडा पॉपी स्ट्रॉ जब्त किया गया। आरोपी के पास वैध दस्तावेज न होने पर उसे मौके पर ही गिरफ्तार किया गया। मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि जोधपुर ढाबा में नशे का अवैध कारोबार हो रहा है। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने गवाहों की मौजूदगी में ढाबे पर रेड की, जहां से मादक पदार्थ बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दिलीप जोशी, पिता प्रेमचंद, निवासी गुमाननगर, नाथडाउ, राजस्थान वर्तमान में केशकाल, जिला कोण्डागांव के रूप में हुई है।

- मुखबिर की सूचना पर हुई त्वरित रेड, एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज

### एनडीपीएस एक्ट की धारा 15 (ख) के तहत मामला दर्ज

डोडा रखने के संबंध में आरोपी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके चलते आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 15(ख) के तहत अपराध दर्ज किया गया और उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। इस कार्रवाई को पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल एवं अरुण नेताम के मार्गदर्शन में अंजाम दिया गया।

### कार्रवाई में इन अधिकारियों का योगदान सराहनीय

एसआई अखिलेश धीवर, एचसी लखीराम बघेल, कांस्टेबल मनोहर निषाद, धमेंद्र नेगी, लिलेश्वर ध्रुव, विनोद मरकाम, अमित मंडावी, गिरजु मरकाम।

# जनकपुर पंचायत के ग्रामीणों ने सचिव पर लगाया गंभीर आरोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत जनकपुर के ग्रामीणों ने पंचायत सचिव अनुकूल राय पर गंभीर आरोप लगाया है। ग्रामीणों का आरोप है कि सचिव अपने रिश्तेदारों और बांग्लादेशी घुसपैठियों को पीएम आवास एवं अन्य योजनाओं का लाभ देता है।

ग्रामीणों का कहना है कि सचिव ने अपने समधी और वार्ड क्रमांक 11 के पंच के साथ मिलकर बांग्लादेशी घुसपैठियों को फर्जी तरीके से राशन कार्ड, आधार कार्ड और मतदाता सूची में नाम जुड़वाकर पीएम आवास योजना का लाभ दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के द्वारा बसाहट लोग विस्थापित परिवार हैं और वे सभी योजनाओं का पात्रता रखते हैं, लेकिन सचिव के द्वारा उन्हें वंचित कर बांग्लादेशी घुसपैठीयो को लाभ नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से इस मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की है और 10-12 सालों से एक ही ग्राम पंचायत में पदस्थ सचिव पर कार्यवाही करते हुए उन्हें हटाने की मांग की है।

**सचिव ने आरोपों को बताया निराधार**

सचिव अनुकूल राय ने ग्रामीणों के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि उनके ग्राम पंचायत में कोई भी बांग्लादेशी घुसपैठिया नहीं है और उन्होंने किसी को भी पीएम आवास का लाभ नहीं दिया है।

# एनएच-30 में बड़ा हादसा बाइक व ट्रक से भिड़ी कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नेशनल हाईवे 30 फरसगांव नगर के सीबीआई बैंक के सामने शनिवार की दोपहर करीब 2:30 बजे केशकाल की ओर जा रही कार क्रमांक सीजी 04 एनडी 0516 ने पहले बाइक सवार को पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दी फिर पेट्रोल पंप की ओर मूड रही ट्रक क्रमांक सीजी 17 एसएस 1116 से जा टकरा गई। हादसे में बाइक चालक भंडारवंडी निवासी उमेश यादव पिता निर्घत यादव घायल हो गया। वहीं कार में सवार लोग घायल हो गए। सभी को उपचार हेतु तत्काल फरसगांव अस्पताल लाया गया है। इस हादसे में बाइक पूरी तरह और कार के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में बाइक चालक के सर में चोट आई है और कार में सवार लोगों की मामूली चोट आई है।फरसगांव पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच विवेचना कर रही है।

- बाइक चालक और कार सवार हुए घायल



### अपने गांव जा रहा था शिक्षक का परिवार

*जानकारी अनुसार कार चालक शिवकुमार मंडावी अपने पत्नी मधुमला मंडावी, उनके दो बच्चों और पड़ोसी बुजुर्ग महिला के साथ के साथ कार में सवार होकर कोंडागांव से अपने गृह ग्राम बदवनी (नरहरपुर) जा रहे थे। तभी फरसगांव नगर के एसबीआई बैंक के सामने खड़े ट्रक ने अचानक रॉन्ग साइड पेट्रोल पंप की ओर मूड रहा था। ट्रक के कारण वह हड़बड़ा कर बाइक से टकरा गए फिर ट्रक से भी टकरा गया। कार के सामने सीट में उनकी 5 साल की बेटी दक्षिता मंडावी बैठी थी। जिसे चेहरे और हाथ में चोट आई । वहीं पीछे शीट में बैठे उनकी पत्नी मधुमाला और पड़ोसन बुजुर्ग महिला सगुना मरकाम उम्र 62 वर्ष निवासी नीरा छिन्दली इन सभी को मामूली चोट आई। कार चालक ने किसी तरह कन्ट्रोल किया जिससे ट्रक से धीरे से टकराया। नहीं तो एक बड़ा हादसा हो जाता । कार चालक शिवकुमार मंडावी शिक्षक है जो बांसगांव स्कूल में पदस्थ है वहीं उनकी पत्नी भी शिक्षिका है जो कोकोडी स्कूल में पदस्थ है। जो कोंडागांव में रहते है छुट्टियों में अपने गांव आना जज करते है। वहीं आज भी अपने गांव जा रहे थे कि हादसा हो गया ।*

# अपहरण व छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को भानुप्रतापपुर पुलिस ने भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र के नाबालिग लड़की का अपहरण कर भगा ले जाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया और न्यायलय में पेश किया, जिसे न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

- 0 25 जून से लापता थी नाबालिग, परिजनों ने 28 जून को दर्ज कराई थी शिकायत

नाबालिग के परिजन ने 28 जून को शिकायत दर्ज कराया था कि उनकी नाबालिग बेटी 25 जून की शाम 4 बजें से बिना बताए कही चली गई है। पुलिस ने रिपोर्ट पर गुम इंसान क्रमांक 29/2025 एवं अपराध क्रमांक 112/2025 धारा 137 (2) बीएनएस कायम कर जांच पता तलाश में जुट गई। मामला नाबालिग बालिका संबंधी होने से प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला के निर्देशन में एएसपी दिनेश कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में एसडीओपी शेरबहादुर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक रामेश्वर देशमुख के नेतृत्व में टीम गठित कर पीड़ित अपहता एवं आरोपी का पता तलाश किया गया। पुलिस को जानकारी मिलने पर पीड़िता को दस्तयाब करते हुए कार्यवाही करते हुए परिजनों को सौंपा गया।



इसके अलावा आरोपी को परतापुर थानांतर्गत ग्राम पीव्ही 72 निवासी 22 वर्षीय बिपिन विश्वास पिता बीरेंद्र विश्वास को गिरफ्तार करते हुए उनके परिजनो को जानकारी दिया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जिसे न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

## प्रदेश अध्यक्ष सुनील पटेल के नेतृत्व में समाजिक एकता व विकास पर हुआ मंथन

# कोंडागांव में हुई मरार पटेल समाज की बस्तर जोन स्तरीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव स्थित शीतला माता मंदिर परिसर में आयोजित इस बैठक की शुरुआत समाज की इष्ट देवी माता शाकम्भरी देवी की पूजा–अर्चना से की गई। यह कार्यक्रम मरार पटेल समाज की बस्तर जोन स्तरीय बैठक के रूप में सम्पन्न हुआ। प्रदेश अध्यक्ष सुनील पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न इस बैठक में पूरे प्रदेश को एकजुट करने एवं ग्राम स्तर तक संगठन को मजबूत करने की योजना पर चर्चा की गई। प्रत्येक ग्राम समिति से 6 सदस्यों को प्रदेश कार्यकारिणी से जोड़ने का निर्णय लिया गया। बैठक में जन्म, विवाह और मृत्यु संबंधी सामाजिक जानकारी एकत्र करने की दिशा में प्रयास करने पर भी सहमति बनी। साथ ही सामाजिक जनगणना कार्यक्रम शुरू करने का निर्णय भी लिया गया। सामाजिक जागरूकता अभियान के तहत वर्ष 2026 में जिला व जोन स्तरीय महोत्सव आयोजन की योजना को स्वीकृति मिली, जिससे समाज में सांस्कृतिक एकता और जागरूकता को बल मिलेगा।

- सामाजिक नेतृत्व और कार्यकारिणी की रही मजबूत उपस्थिति



### खर्चीली शादियों पर चिंता, आदर्श विवाह पर बल

*बढ़ते खर्च और सामाजिक बोझ को कम करने के उद्देश्य से आदर्श विवाह कार्यक्रम को प्रोत्साहित करने की बात रखी गई। प्रत्येक जिले में कम से कम एक आदर्श विवाह आयोजित करने का सुझाव दिया गया।*

### समाजिक नेतृत्व व कार्यकारिणी रही मौजूद

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सुनील पटेल, कोषाध्यक्ष लीलार सिंह पटेल, उपाध्यक्ष खेलु पटेल, रोहित पटेल, महामंत्री कुबेर पटेल, व्यापारी प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष कमलेश पटेल, युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष रितेश पटेल, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष सत्कार पटेल, संगठन मंत्री अशोक पटेल सहित कई जिलों के पदाधिकारी एवं समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### समाजिक एकता के लिए निरंतर प्रयास

प्रदेश अध्यक्ष सुनील पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि मरार समाज एक विकासशील समाज है, जो सामाजिक एकजुटता के साथ निरंतर प्रगति की दिशा में बढ़ रहा है। इस जोन स्तरीय बैठक के माध्यम से समाज के हर क्षेत्र से जानकारी जुटाई जा रही है, जिससे नीतिगत निर्णय लिए जा सके।

## पेज 11 के शेष

### आदिवासी महिला...

बलरामपुर जिलों में 50-50 आदिवासी महिला किसान तथा कांकेर में 75 आदिवासी महिला किसानों को पशु प्रेरण किया जाएगा। इस कार्यक्रम में साहीवाल नस्ल की 2 दुधारू गाय आदिवासी महिला हितग्राही को प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण शाहा, उपाध्यक्ष शंकर सरकार, मोनिका शाहा एवं भाजपा नेता के अलावा धमतरी के वरिष्ठ प्रबंधक व्यवसाय कैलाश पटेल, शाखा प्रबंधक कापसी और पखांजूर त्रिशांत ध्रुवे व प्रदीप सिंग ने उपस्थित रहे ।

### मिशन समन्वयक...

हाथ में बांस का डंडा लेकर खड़े थे। वहां पर सभी ने एक राय होकर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दिया। हाथ मुक्का, लात एवं बांस के डंडे से मुझे व मेरे दोस्त को मारपीट करने लगे। मारपीट से मेरे सिर के ऊपरी हिस्से में, कमर के दोनो हिस्से में व बांए पैर में चोट लगा है तथा मेरे दोस्त रामेश्वर वर्मा के सिर बांए कान के पीछे व पीठ में चोट लगा है।

मारपीट करने वाले लोगों को मै नहीं जानता हूं, देखने से पहचान लूंगा। शिकायतकर्ता ने बताया कि मेरे साथ मारपीट क्यों हुई, मेरे को समझ में नहीं आ रहा है। पुलिस ने आरोपियों पर दर्ज किया मामलाः भानुप्रतापपुर थाना प्रभारी ने बताया कि शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया। आरोपियों की पहचान करके उनके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही किया जाएगा।

### मेड़ बांधने की...

हो कहकर बीच बचाव कर मुझे छुड़ाया। उसके बाद भी प्रधुमन शर्मा तुम दोनो को जान से मार दूंगा कहकर बोल रहा था। पूर्व में भी प्रधुमन शर्मा एवं उनके परिवार के द्वारा घर में भी बिना कुछ बोले गाली गलौज करते रहते है, जिससे मेरा घर परिवार के लोग डरे सहमे है, आएं दिन धमकी देते रहते है। मारपीट करने से दोनो घुटना सीने एवं हाथ पैर में दर्द हो रहा है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी प्रधुम्न शर्मा 115 (2), 296, 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### सूने घर में...

की कीमत करीबन 25 हजार रूपएं एवं घर में लगे बास बेसिन, कमोड में लगा सिस्टम को तोड़ दिया है, जिससे मुझे करीबन 50 हजार रूपए का नुकसान हुआ है। पड़ोसियों ने बताया कि घर में चोरी करने वाला व्यक्ति आर्यन दिनकर है, जो पिछले दो-तीन दिनो से घर का सामान चोरी कर ले जा रहा था। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी आर्यन दिनकर के खिलाफ धारा 305 (ए), 331 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लेते हुए चोर को न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

खबर संक्षेप

## टाकरागुड़ा स्कूल में हुआ शाला प्रवेश उत्सव



**बस्तर।** शासकीय हाई स्कूल टाकरागुड़ा बस्तर में सादगी और श्रद्धा के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर शाला में प्राचार्य राजकिशोर तिवारी की उपस्थिति में शाला प्रवेश उत्सव की शुरूआत कर तथा छात्र-छात्राओं ने भी अपने गुरुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए गीत, कविता और भाषण प्रस्तुत किए। बच्चों को तिलक लगाकर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं एवं मंगलकामना करते पुस्तक वितरण किया गया। उन्हें प्रोत्साहित करते हुए साक्षरता प्रभारी मीना भदोरिया द्वारा बच्चों को नियमित स्कूल आने को कहा गया और उन्हें अवगत कराया गया कि शिक्षा ही जीवन जीने का मूल आधार है । पुस्तक वितरण कार्यक्रम मे मोतिराम कश्यप, संध्या साव, भीमेस्वरी देवांगन, रजनी तिवारी,गमेश सिंह, हेमंत चापडी ,चैन सिंह ठाकुर एवं स्कूल के सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## छात्रों ने गुरूओं के सम्मान में प्रार्थना गीत गाए

**जगदलपुर।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर शासकीय आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उमावि तितिरगांव में गरिमामय आयोजन किया गया। सर्वप्रथम छात्र-छात्राओं ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर तिलक, चंदन लगाकर तथा आरती कर प्रार्थना की गई। इसके पश्चात शाला में उपस्थित समस्त शिक्षकों का तिलक लगाकर,आरती उतारकर तथा शिक्षकों का पैर छूकर आशीर्वाद छात्राओं ने प्राप्त किया। छात्रों ने गुरुओं के सम्मान में प्रार्थना गीत भी गाए। संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता गजेंद्र श्रीवास्तव ने गुरु की महिमा बताते हुए कहा कि कैसे शिष्य एकलव्य ने अपना अंगूठा काटकर गुरु द्रोणाचार्य को भेंट किया था।

# प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना के तहत डिजिटल इंडिया की ओर बढ़ता कृषि क्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, के द्वारा प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना अंतर्गत एग्रीस्टेक परियोजना के तहत सम्पूर्ण देश में कृषक हित में डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से नवाचार किया जा रहा है। एग्रीस्टेक परियोजना के तीन भाग है। जिसके अंतर्गत ग्राम का जियो रिफ्रेसिंग सर्वेक्षण नक्शा, राजस्व संबंधित अधिकार अभिलेख, डिजिटल फसल सर्वेक्षण डिजिटल सर्वेक्षण एग्रीस्टेक परियोजना के अगामी चरण के रूप में सभी कृषि भूमिधारक का कृषि भूमि पहचान पत्र एवं कृषि भूमिधारक का पहचान पत्र का निर्माण किया जाना है। द्वितीय चरण में एसडीएम छिंदगढ़ विजय प्रताप खेस के द्वारा ग्राम पंचायत धोबनपाल में एग्रीस्टेक योजना के अंतर्गत किसान पंजीयन कार्यक्रम का औचक निरीक्षण किया गया।

कृषक पंजीयन डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के तहत महत्वपूर्ण पहल है। जिसका उद्देश्य देश भर के कृषि भूमिस्वामी की एक व्यापक और एकीकृत पंजीयन बनाना है, जिससे सही लाभार्थियों तक सरकारी योजनाएं और लाभ सफलतापूर्वक पहुँचे। इसके लिए कृषक पंजीयन हेतु सामान्य सेवा केन्द्र सीएससी को अधिकृत किया गया है। इस हेतु कृषकों से कोई राशि नहीं लिया जाना है। यह पूर्णतः निःशुल्क है। केवाईसी किये जाने हेतु शासन द्वारा सीएससी को 15 रू. प्रति कृषक के मान से भुगतान किया जाएगा।

एग्रीस्टेक परियोजना अंतर्गत डिजिटल फसल सर्वेक्षण 15 अगस्त से 30 सितम्बर तक किया जाना प्रस्तावित है, जिसके अनुसार जिले के प्रत्येक ग्राम में खरीफ वर्ष 25-26 में लगाये गए फसलों का डिजिटल फसल सर्वेक्षण किया जावेगा। सर्वेक्षण कर्तार्ओं का चयन पटवारियों के माध्यम से तहसीलदार द्वारा 15 जुलाई तक किया जाना है। प्रत्येक सर्वेक्षणकर्ता को प्रत्येक सर्वे के लिए एप के माध्यम से सही सर्वेक्षण एवं अपलोड करने तथा स्वीकृत हो जाने के दशा में 10 रू. प्रति खसरा मानदेय आधार संबंध बैंक खातों के माध्यम से प्रदान किया जाएगा।

### सरकार की मंशा है कि अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे: गोयल

# विधायक ने किया 3.91 करोड़ के कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



ग्राम पंचायत चिंगीतरई में महत्वपूर्ण विकासात्मक पहल के तहत 3 करोड़ 91 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दरभा विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनायक गोयल उपस्थित रहे।

- **ग्रामीण विकास कार्यों की निगरानी में भागीदारी निभाएं**

कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी, ग्रामीणजन और युवा वर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि यह भूमिपूजन केवल ईंट-पत्थर की नींव नहीं, बल्कि एक समृद्ध, स्वावलंबी और आत्मनिर्भर दरभा की दिशा में मजबूत कदम है। उन्होंने कहा कि जिन कार्यों का भूमिपूजन हुआ है, उनमें प्रमुख रूप से सड़कों का निर्माण, सीसी रोड, नाली निर्माण, सामुदायिक भवन, पेयजल सुविधा, स्कूल भवन, आंगनबाड़ी केंद्र और बिजली व्यवस्था जैसे मूलभूत विकास कार्य शामिल हैं।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार की मंशा है कि अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे। मेरी प्राथमिकता है कि गांवों में सुविधाओं का विस्तार हो, ताकि वहां रहने वाले लोग बेहतर जीवन जी सकें। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि सभी कार्यों को तय समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाएगा। ग्रामीणों से अपील की गई कि वे कार्यों की निगरानी में भागीदारी निभाएं और किसी भी अनियमितता की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों या विधायक प्रतिनिधियों को दें।

ग्रामीणों ने कार्यक्रम को लेकर गहरी संतुष्टि जताई और कहा कि विधायक के प्रयासों से वर्षों से लंबित विकास कार्य अब धरातल पर उतरते दिख रहे हैं। महिला समूहों और युवाओं ने सामुदायिक भवन और सड़क निर्माण को बेहद उपयोगी बताया। विधायक ने समापन पर कहा जनता का विश्वास ही मेरी ताकत है। विकास की यह यात्रा तभी सफल होगी जब हम सब मिलकर इसे आगे बढ़ाएं।

मैं आप सभी से अपील करता हूं कि विकास कार्यों की निगरानी करें, सुझाव दें और एक समृद्ध दरभा के निर्माण में सहभागी बनें। कार्यक्रम में चित्रकोट जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मण्डावी, जनपद अध्यक्ष मानकदेई कश्यप, उपाध्यक्ष हरिप्रसाद कश्यप, मण्डल अध्यक्ष देवीप्रसाद वेंजाम, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रैतुराम बघेल, जनपद सदस्य कमलु कवासी, जिला मंत्री बाबुल नाग पूर्व मण्डल अध्यक्ष फुल सिंह सेठिया, अनंतराम कश्यप, धर्मेंद्र ठाकुर सरपंच गुमड़पाल, सन्नु पोडियाम, ललीता नाग, रमेश मण्डावी, बुधराम कवासी, सिताराम नाग, सिताराम मौर्य, मुन्नु सिंह, दुर्जन सिंह कश्यप, जनपद सीईओ बिरेन्द्र बहादुर, समस्त ग्राम पंचायत सचिव एवं अन्य जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महिलाओं को दिए रसायन मुक्त खेती की जानकारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

कृषि विज्ञान केंद्र दंतेवाड़ा द्वारा गीदम ब्लॉक की कृषि सखियों हेतु प्राकृतिक खेती पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओं को रासायन मुक्त खेती, पारंपरिक कृषि पद्धतियाँ, एवं जैविक संसाधनों के उपयोग की जानकारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना था।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में केवीके के वैज्ञानिक डॉ. प्रवीन निषाद ने मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने, रसायनों के बिना कीट प्रबंधन, मल्टी क्रॉपिंग एवं फसल चक्र जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी, साथ ही जीवामृत, बीजामृत, और मल्टी क्रॉपिंग प्रणाली पर व्यावहारिक सत्र भी लिए। प्रशिक्षण में कुल 52 कृषि सखियों ने भाग लिया और प्राकृतिक खेती को अपनाकर क्षेत्रीय कृषि को टिकाऊ और स्वस्थ बनाने का संकल्प लिया। ए.के. नेताम, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और कृषि विविधीकरण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कृषि सखियों से आग्रह किया कि वे जैविक पद्धतियों को अपनाकर गांवों में जागरूकता फैलाएं। इस अवसर पर राष्ट्रीय मत्स्य दिवस भी मनाया गया। अशोक पुनेम, सहायक मत्स्य अधिकारी ने ग्रामीण क्षेत्रों में मछली पालन के अवसर, जल स्त्रोतों का उपयोग, एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि मत्स्य पालन कम लागत में अधिक लाभ देने वाला व्यवसाय बन सकता है। डॉ. मनोहर, सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी, ने पशुधन आधारित कृषि प्रणाली पर व्याख्यान दिया और गौ आधारित जैविक खेती में गाय के गोबर, मूत्र और गौपालन की भूमिका पर प्रकाश डाला। एनआरएलएम से सौरभ दत्ता ने महिला समूहों की भूमिका, स्व-सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक सशक्तिकरण, और प्राकृतिक खेती को उद्यम मॉडल के रूप में विकसित करने की रणनीतियों पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम की एक विशेष पहल के रूप में, एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान के अंतर्गत सभी अतिथियों और प्रतिभागियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस नारियल के पौधे लगाए गए।



# एशिया कप सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप में खेलेंगी बेटियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

एशिया कप सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप का आयोजन शियान, चाइना में 14 से 20 जुलाई तक किया जा रहा है। इसमें भाग लेने वाले भारतीय दल में छत्तीसगढ़ से दो खिलाड़ी जिसमें बीजापुर, आवापली की चंद्रकला तेलम एवं पामगढ़ की शालू डहरिया का चयन किया गया है तथा भारतीय टीम के कोच बीजापुर के सोपान कणेर्वार बनाए गए हैं।

- **भारतीय टीम के कोच बीजापुर के बनाए गए हैं**

इस टूनार्मेंट की विजेता एवं उपविजेता टीम को वर्ल्ड कप सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने का मौका मिलेगा। भारतीय दल में चयन के पूर्व चंद्रकला तेलम को कठिन परीक्षण से गुजरना पड़ा है। पहला चयन परीक्षण 2 से 3 फरवरी को अनंतपुर, आंध्र प्रदेश में आयोजित किया गया । श्रीनगर जम्मू में अंतिम चयन परीक्षण आयोजित कर खिलाड़ियों को शॉर्ट लिस्ट किया गया। इंदौर में स्पेशल कोचिंग कैंप का आयोजन हुआ तथा भारतीय दल का गठन किया गया। भारतीय दल को श्रीनगर में तथा नई दिल्ली में विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। भारतीय दल 13 जुलाई को नई दिल्ली से शियान, चीन के लिए प्रस्थान करेगा। भारतीय टीम में शामिल चंद्रकला तेलम 8 बार नेशनल चैंपियनशिप में खेल चुकी है। सोपान कणेर्वार भी इसके पहले पिंगटन सिटी, चाइना में आयोजित अंडर-18 एशियन सॉफ्टबॉल चैंम्पियनशिप में भारतीय टीम के कोच रह चुके हैं। इनके कोचिंग में अब तक 147 खिलाड़ी नेशनल और 11 खिलाड़ी इंटरनेशनल लेवल पर खेल चुके हैं। बीजापुर जिले का भारतीय टीम में प्रतिनिधित्व कर इन उपलब्धियां में बीजापुर जिले के कलेक्टर संबित मिश्रा, खेल प्रभारी एवं डिप्टी कलेक्टर नारायण प्रसाद गवेल ने हर्ष व्यक्त करते हुए टीम को हार्दिक बधाइयां एवं उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# जनता को बार-बार नहीं लगाने पड़ेंगे नगर पंचायत कार्यालय के चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



गीदम नगर में अब जनता को बार-बार किसी भी कार्य या समस्या के लिए नगर पंचायत कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। इसके लिए नगर पंचायत गीदम अध्यक्ष रजनीश सुराना ने कार्य को सुव्यवस्थित ढंग से करने हेतु नगर पंचायत कार्यालय में समस्त विभागों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने यहां अधिकारी, कर्मचारियों को सुव्यवस्थित ढंग से काम करने , स्टाफ पर्ची मेंटेन करने समेत जनता के हित में काम करने जैसे कई निर्देश दिए है।

- **अध्यक्ष रजनीश ने ली समस्त विभागों की बैठक, जनता के हित मे दिए कई निर्देश**

इस दौरान सभी विभागों का बंटवारा भी किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश ने बताया कि नगर की जनता को किसी भी काम के लिए बार-बार कार्यालय के चक्कर न लगाना पड़े इसके लिए एक कर्मी द्वारा नगर पंचायत कार्यालय में रजिस्टर मेंटेन किया जाएगा जिसमे अगर कोई व्यक्ति कार्यालय में किसी काम या समस्या को लेकर आता है और उस समय उक्त विभाग के अधिकारी, कर्मचारी से की मुलाकात नही हो पाती है तब उक्त कर्मी द्वारा नाम व सम्पर्क नम्बर लिया जायेगा और काम या समस्या रजिस्टर में इंट्री किया जाएगा । इसके बाद उक्त विभाग के अधिकारी-कर्मी जैसे ही ऑफिस पहुँचेंगे उन्हें इसकी जानकारी दी जाएगी और काम होने पर व्यक्ति को फोन से सूचना दी जाएगी।

अगर जरूरत पड़ेगी तो ही कार्यालय दोबारा बुलाया जाएगा अन्यथा नही। ऐसे में एक ही काम के लिए आम जनता को बार-बार नगर पंचायत कार्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। इस दौरान बैठक में टैक्स वसूली करने पर भी कर्मियों को सख्त निर्देश दिए गए। टैक्स वसूली के सम्बंध में सख्ती दिखाते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि निकाय की स्थिति कमजोर है, कर्मचारी दिन रात नगर के लिए काम करते है, इसके साथ ही छोटे कर्मियों की आर्थिक स्थिति भी उतनी सुदृढ नही रहती है ऐसे में उन्हें समय से नियमित मेहनताना भी जरूरी है इसके लिए उन्होंने टैक्स वसूली पर भी तेजी लाने के निर्देश दिए है। इस दौरान अध्यक्ष ने कहा कि नगर में जो भी आर्थिक रूप से कमजोर है उन पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाएगा हमारी कोशिश यह रहेगी कि कैसे उनके लिए विकास कार्य किया जाए।

सिस्टम को दुरुस्त करके नगर के हित मे काम करेंगे और जनता का काम जितनी आसानी से हो सके उस ओर हम कदम बढ़ाएंगे। इस दौरान बैठक में पार्षद अवधेश गुप्ता व अन्य जनप्रतिनिधिगण, सीएमओ हुलसी प्रधान, नगर पंचायत के समस्त कर्मी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# जनसंख्या वृद्धि के दुष्परिणामों पर किया ग्रामीणों को जागरूक




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

बस्तर ब्लॉक के ग्राम पंचायत बोड़नपाल में एसबीआई संजीवनी तथा परिवर्तन समाज विकास समिति ने ग्राम पंचायत बोड़नपाल में विश्व जनसंख्या नियंत्रण दिवस पर जागरूकता अभियान किया।

जनसंख्या नियंत्रण दिवस पर गांव के सभी ग्रामवासियों को संजीवनी टीम ने जनसंख्या वृद्धि की दर को लेकर जनजागरूक किया। साथ ही परिवार नियोजन, स्वास्थ सेवाओं और गर्भ निरोधक उपायों के प्रति जागरूक किया। जिला समन्वयक के द्वारा लैंगिक समानता, युवा सशक्तिकरण, शिक्षा , प्रजनन स्वास्थ और मातृ एवं शिशु मृत्यु दर जैसे मुद्दों को उजागर किया । डॉक्टर के द्वारा गरीबी, बेरोजगारी और पर्यावरणीय दबाव जैसे मुद्दों का जनसंख्या वृद्धि के दुष्परिणामों को समझाया। साथ ही सरकारों की जनसंख्या नीति या विचार के लिए प्रेरित किया। इस दौरान ग्राम के सरपंच रयमाती मौर्य, उपसरपच सुकलाल बघेल, सचिव धनुर्जय नाग, आनगनबाड़ी कार्यकर्ता सावित्री बघेल साथ ही जिला समन्वयक सूरज पटनायक , डॉक्टर विभाष ओझा, डॉक्टर हिरमा, फार्मासिस्ट रवींद्र , लैब टेक्नीशियन पल्लवी, स्टाफ नर्स पूर्वा पायलट अशोक की उपस्थिति रही।

# युक्तियुक्तकरण से ग्रामीण स्कूलों की शैक्षणिक गुणवत्ता में आया सुधार




हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

राज्य शासन द्वारा शिक्षकों की युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के तहत विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति का सकारात्मक असर अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी देखने को मिल रहा है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुखराम देवांगन ने बताया कि सुकमा विकासखंड में कुल 246 शासकीय विद्यालय संचालित हैं, जिनमें 181 प्राथमिक शाला, 65 माध्यमिक शाला, 13 हाई स्कूल और 7 हायर सेकेण्डरी स्कूल शामिल हैं। उन्होंने बताया कि युक्तियुक्तकरण से पूर्व विकासखंड में 1 विद्यालय शिक्षक विहीन था और 42 विद्यालय एकल शिक्षक पर संचालित हो रहे थे। शासन द्वारा शिक्षकों की युक्तियुक्तकरण की पारदर्शी प्रक्रिया से इन विद्यालयों में शिक्षकों की पदस्थापना सुनिश्चित की गई, जिससे अब छात्र-छात्राओं को नियमित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने बताया कि युक्तियुक्तकरण के बाद विद्यालय में शिक्षकों की संख्या में संतुलन आया है जिससे छात्रों को पढ़ाई के लिए बेहतर शिक्षा और मार्गदर्शन मिल रहा है। इसके चलते बच्चों की उपस्थिति में भी सुधार देखा गया है। विद्यालय प्रबंधन समिति ने बताया कि यह पहल विशेषकर ग्रामीण व पिछड़े क्षेत्रों में शिक्षा के स्तर को ऊपर उठाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अब छात्र नियमित रूप से कक्षा में सभी विषयों की पढ़ाई कर पा रहे हैं और उन्हें किसी बाहरी सहायता की आवश्यकता नहीं रह गई है।

# सर्वसमत्ति के बिना हटाया जा रहा था शहीद स्मारकः तुलिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



पुरातन नगरी बारसूर में शहीदों के अपमान का मामला सामने आया है। जिला पंचायत सदस्य तुलिका कर्मा ने आज बारसूर पहुंच कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। मामला शहीद स्मारक को हटाने से जुड़ा हुआ है। जानकारी देते हुए जिपं सदस्य तुलिका कर्मा ने बताया कि नपं बारसूर में कारगील युद्ध में शहीद हुए जवानों के याद में स्मारक का निर्माण कराया गया था। कुछ दिनों से अचानक इसे हटाने के लिए खुदाई की जा रही थी, जिसे लेकर आम लोगों में खासी नाराजगी देखी जा रही थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना किसी सोच विचार कर नपं के अध्यक्ष व मुख्य नगर पालिका अधिकारी के आदेश पर यह सब कार्य हो रहा है। तुलिका ने कहा कि परिषद में इस मामले को बिना पारित कराए यह कार्य किया जा रहा था। मामला शहीदों के सम्मान से जुड़ा हुआ है, इसमें लापरवाही बिलकुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीएमओ के साथ बैठक कर मामले को परिषद में पारित कर सर्व सहमति से रास्ता निकालने को कहा गया है तब तक कार्य बंद करने की हिदायत दी गई है। तुलिका ने कहा कि नपं बारसूर में भाजपा की सत्ता आने के बाद से ही लगातार गड़बड़ी हो रही है। व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने शहीदों के नाम से बनाए गए स्मारक को हटाया जा रहा है, जो सीधे हमारे देश के लिए बलिदान हुए जवानों का अपमान है। बारसूर में बिना परिषद में पारित किए कई कार्य भाजपा करवा रही है, जिससे बारसूर में भ्रष्टाचार बढ़ रहा है।






## खबर संक्षेप



### सर्व समाज ने नवपदस्थ अपर कलेक्टर से की मुलाकात

**अंतागढ़।** विकासखण्ड अंतागढ़ और कोयलीबेड़ा के अनुसूचित जनजाति व पिछड़ा वर्ग के पदाधिकारियों ने अंतागढ़ में नवपदस्थ अपर कलेक्टर अंजोर सिंह पैकरा से सौजन्य भेंट कर स्वागत किया। बता दे की विगत महीने अंतागढ़ से अपर कलेक्टर का तबादला होने के बाद लम्बे समय से पद रिक्त था, जिसे भरने के लिए सामाजिक पदाधिकारी व क्षेत्रवासी मांग कर रहे थे। नए अपर कलेक्टर के पदस्थ होने से क्षेत्रवासियों में ख़ुशी है वहीं सामाजिक पदाधिकारियों ने अपर कलेक्टर से क्षेत्र में आदिवासी एवं सर्व समाज के उत्थान एवं विकास कार्यक्रम पर जोर देने का अनुरोध किया, जिसे अपर कलेक्टर ने सहर्ष स्वीकार कर इस ओर कार्य करने का आश्वासन दिया है। सौजन्य मुलाकात पर संतराम सलाम, राकेश गुप्ता, सहदेव उसेंडी, संतलाल दुग्गा व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### स्कूली छात्रों को महिला टीम ने दी जानकारी



**पखांजुर।** बारदा और पीव्ही 57, 58 के स्कूलों में महिला पुलिस टीम ने छात्रों को महत्वपूर्ण जानकारी दिया। छात्रों को गुड टच और बैड टच, महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध, नवीन कानून और यातायात के बारे में बताया। छात्रों को जागरूक करते हुए कहा कि आपके एवं परिचित के साथ कोई दुर्व्यवहार करता है, तो डरें नहीं और हिम्मत से काम लें। इसकी जानकारी तत्काल अपने परिजनों और पुलिस को दे। इस अवसर पर प्राचार्य और शिक्षकों को भी जागरूक किया गया। महिला पुलिस टीम की यह पहल छात्रों को जागरूक करने और उनकी सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।

### ग्रामीण की हुई मौत कारण अज्ञात

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत बनसागर निवासी 51 वर्षीय राम देव कोर्राम का 12 जून को अज्ञात कारणों के चलते जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गया। अस्पताल के वार्डबॉय द्वारा अस्पताली मेमो पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### सांप के डंसने से किसान की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** कोड़ेकुर्से थानांतर्गत उइकाटोला निवासी 46 वर्षीय सामसिंह शोरी को सांप ने काट लिया। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से उसकी मौत हो गई। कोड़ेकेर्स निवासी 26 वर्षीय राजेश कुमार शोरी ने पुलिस को बताया कि मृतक 11 जुलाई को दोपहर 12 बजें खेत की ओर गया हुआ था। अचानक सांप ने डंस लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### युवक ने खाया जहर हुई मौत

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत दुधावा चौकी क्षेत्र के ग्राम बागाबारी निवासी 18 वर्षीय तामेश मरकाम ने जहर खा लिया था। इलाज के लिए जिला अस्पताल में लाया गया, जहां उसकी 1 जून को सुबह 11 बजे मौत हो गई।

# कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश, तय समय पर हो गुणवत्तापूर्ण काम

## समय-सीमा बैठक में जिले में स्वीकृत एवं निर्माणाधीन कार्यों की हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले में स्वीकृत एवं निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा करते कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने सभी कामों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने जिले की 43 ग्राम पंचायत, जिनमें पांच से अधिक निर्माण कार्य लंबित हैं, उन ग्राम पंचायतो के सरपंच, सचिव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, अनुविभागीय अधिकारी, उप अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा व निर्माण शाखा के लिपिकों की समीक्षा बैठक लेकर उक्त कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने आंगनबाड़ी तथा उचित मूल्य की दूकान के भवनों, किचन शेड, सेग्रीगेशन शेड को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित ग्राम पंचायतो के सरपंचों को प्रोत्साहित करते हुए अपूर्ण, प्रगतिरत, निर्माण कार्यों को पूर्ण कराये जाने पर नवीन कार्यों की स्वीकृति का आश्वासन भी दिया गया और साथ ही अपूर्ण आंगनबाड़ी भवनों को 15 अगस्त के पूर्व पूर्ण कराए जाने पर प्रति आंगनबाड़ी केन्द्र आवश्यक सामग्री क्रय किए जाने के लिए 01 लाख रुपए की स्वीकृति दिए जाने के लिए निर्देशित किया और साथ ही जो कार्य पूर्ण हैं, उन कार्यों का मूल्यांकन कर 3 दिवस के भीतर जिला कार्यालय को प्रेषित करने तथा जिन ग्राम पंचायतो में अधिक कार्य अपूर्ण है। उन ग्राम पंचायतों में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायतो को सतत निरीक्षण कर कार्य में गति लाने निर्देशित किया गया।



### प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने अपूर्ण, प्रगतिरत कार्यों की कार्यवार विस्तृत समीक्षा करते हुए बैठक में सही जानकारी उपलब्ध नही कराए जाने के कारण जनपद पंचायत के शाखा लिपिक तथा ग्राम पंचायत बांदे के सचिव को कारण बताओ सूचना जारी करने के निर्देश दिए। अपूर्ण प्रगतिरत कार्यों में ऐसे निर्माण कार्य जो पूर्णता पर है, उन्हें 15 अगस्त तक पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। बैठक में संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## बैठक : तालका पखांजूर में जागृति इकाई ने किया आयोजन

# विधिक जागरूकता और सामाजिक योजनाओं के लिए हुई महत्वपूर्ण बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के दिशानिर्देशन में जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पखांजुर विजय कुमार मिंज द्वारा शुक्रवार को तालुका पखांजुर में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण जस्टिस अवेयरनेस फॉर ग्रासरूट्स रूलर इंफॉर्मेशन एंड ट्रांसपेरेंसी इनिशिएटिव स्कीम के तहत जागृति इकाई बैठक आयोजित की गई।

यह बैठक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद कुमार ध्रुव के दिशानिर्देशन में हुआ। जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पखांजुर के विश्राम कक्ष में संपन्न हुई, जिसमें अध्यक्ष के साथ कई महत्वपूर्ण सदस्य उपस्थित रहे। इनमें अनुमंडल दंडाधिकारी पखांजुर टीआर देवांगन, भारतीय स्टेट बैंक पखांजूर के शाखा प्रबंधक दिलीप कुमार कांगे, उपनिरीक्षक तरुण कुमार माइति, अधिवक्ता गिरीश प्रमाणिक और पैरालीगल स्वयंसेवक अलका सरकार उपस्थित रहें। बैठक का मुख्य उद्देश्य नालसा द्वारा शुरू की गई जागृति योजना 2025 के बारे में जानकारी देना था। इस योजना का लक्ष्य जमीनी स्तर पर विकास और सुधार के लिए न्याय को बढ़ावा देना है, साथ ही स्थानीय स्वशासन संस्थानों के माध्यम से कानूनी जागरूकता फैलाना है। इसका उद्देश्य कानूनी ढांचे और जनता के बीच की दूरी को कम करके न्याय को अधिक सुलभ बनाना है। नशीली दवाओं की तस्करी और मादक द्रव्यों के सेवन की बढ़ती प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना है। यह योजना राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और सामाजिक समरसता को बनाए रखते हुए समाज के कमजोर वर्गों, विशेषकर बच्चों और युवाओं को इस खतरे से बचाने पर केंद्रित है। बैठक में स्पीक अप पहल के तहत कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम और आवाज उठाओ अधिनियम के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त, मध्यस्थता की प्रक्रिया पर भी विस्तार से बताया गया। यह विवादों को निपटाने की एक वैकल्पिक प्रक्रिया है, जो न्यायिक प्रक्रिया से भिन्न है। इसमें एक तीसरा स्वतंत्र व्यक्ति, जिसे मध्यस्थ कहते हैं। दो पक्षों के बीच सहयोग के माध्यम से उनके सामान्य हितों के लिए एक समझौते पर सहमत होने में मदद करता है। इस प्रक्रिया में लचीलापन होता है और कानूनी प्रक्रियात्मक जटिलताएँ नहीं होतीं, जिससे आपसी मतभेद समाप्त हो जाते हैं या कम हो जाते हैं। यह भी बताया गया कि प्रत्येक वर्ष 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य जनसंख्या से संबंधित समस्याओं पर वैश्विक चेतना जागृत करना और विभिन्न जनसंख्या मुद्दों पर लोगों की जागरूकता बढ़ाना है।

# बाबूदबेना में ज्योति युवा मंडल ने लगाया रक्तदान शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार

- 135 लोगों का हुआ रक्त परीक्षण व 205 मरीजों की हुई जांच

विकासखण्ड कांकेर अंतर्गत ग्राम बाबूदबेना में ज्योति युवा मंडल द्वारा 10 जुलाई को आयोजित रक्तदान शिविर में 24 लोगों ने रक्तदान किया। वही 135 लोगों का रक्त परीक्षण और 205 मरीजो का स्वास्थ जांच किया गया।

शिविर में सीएमएचओ आरसी ठाकुर, बीएमओ शशांक गुप्ता, बीइटीओ पीएस गावड़े, सेक्टर सुपरवाइजर विकास ठाकुर, और इंचार्ज रवि ठाकुर ने अपनी सेवाएं दी। इस शिविर के सफल आयोजन में ज्योति युवा मंडल के पदाधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिसमें अध्यक्ष यशपाल कांगे, उपाध्यक्ष कुशल कांगे, सचिव धनेश कुमार लाटिया, सह सचिव अवदेश द्विवेदी, कोषाध्यक्ष टिकेश नायक, परदेश गावर, कमल किशोर साहू, नीलकमल साहू, वेदनारायण साहू, कुबेर भेड़िया, चंद्रदीप कैमरों, राकेश घरत, कुलेश्वर टांडिया ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

इस अवसर पर सेवकराम साहू, जनपद सदस्य सरस्वती कैमरो, सरपंच हेमलता घरत, उपसरपंच बिरन यादव, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष माखन कांगे, गोवर्धन जैन, युगल किशोर साहू, धनेश्वर साहू उपस्थित रहे।

### इन्होंने किया रक्तदान

रक्तदान शिविर में कुबेर सिंह भेड़िया, साहिल राजपूत, अरुण कुमार यादव, बसंत कुमार साहू, ब्रह्मदेव सिवाना, ओमेंद्र रावटे, चेतन कोरेटी, थलेश दरो, कुलेश्वर टांडिया, थॉमेंस बघेल, लिकेश्वर भेड़िया, पूर्वोत्तम नायक, तिथेश महला, धर्मेंद्र गांवर, नरेश तुलावी, राकेश घरत, झमित कड़ियाम, धनेश्वर साहू, बिरन यादव, नीरज रावटे, ओमन साहू, खोमेंद्र महावीर, जुगलकिशोर साहू, कृष्णा गांवर, हेमंत साहू, सुदर्शन जैन ने रक्तदान किया।

# स्वामी आत्मानंद विद्यालय में बाल कैबिनेट का किया गया गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोयलीबेड़ा

- लोकतांत्रिक तरीके से हुआ चुनाव




स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल कोयलीबेड़ा में बाल कैबिनेट का गठन लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव कर संपन्न कराया गया। शाला नायक व शाला नायिका के अलावा अन्य विभिन्न पदों के लिए हुए चूनाव में सभी छात्र - छात्राओं को पूर्व सूचित किया गया। शाला नायक के लिए हर्षित उइके, धनंजय यादव, समीर व तुषार ने अपना नामांकन दर्ज कराया। साथ ही शाला नयिका के लिए रंजना, याचना, नंदेश्वरी, वंदना व नंदनी प्रत्याशी रहे। उप -शाला नायक के पद पर सुशांत, परिनित व पियूष उम्मीदवार थे तो उप-शालानायिका के पद के लिए कनिका, महक व करीना उम्मीदवार थी। छात्र-छात्राओं को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कराए जाने वाले विभिन्न चूनाव, मतदाताओं को मतदान केंद्र व बूथ संबंधित जानकारियों से अवगत कराने के उद्देश्य से कराए गए। चुनाव में मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिक्षिका लीना साहू को न्यूक्त किया गया था। व्याख्याता परमानंद कश्यप को नोडल अधिकारी की भूमिका में थे। सभी पदों के लिए हुए चूनाव में गुलाबी, पीला, नीला व सफेद रंग के बैलेट पेपर का उपयोग किया गया। छात्रों को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से संबंधित जानकारियां दिया गया जैसे बैलेट पेपर का रंग व उससे संबंधित पद, मतदान अधिकारी, ऐजेंट, प्रत्याशी व उनका पोलिंग बूथ में कार्य। मतदान करने के लिए दो बूथ बनाया गया था। बूथ क्रमांक एक में शाला नायक व शाला नायिका तो वही बूथ क्रमांक दो में उप- शाला नायक व उप-शाला नायिका के लिए मतदान करके मतदाता छात्र-छात्राएं मतपत्र को मतपेटी में डालकर खुश नजर आ रहे थे। व्याख्याता वंदना शोरी को पिठासिन अधिकारी की जिम्मेदारी दिया गया था। सोना मरकाम, ईशा ठाकुर, सोनल सिंह व चंचल सिन्हा मतदान अधिकारियों की भूमिका में थे। चूनाव उपरांत मतपेटी को सभी प्रत्याशीयों के सामने दस्तखत कराकर सिल बंद करके पिठासिन अधिकारी नें स्ट्रांग रूम में जमा कर दिया है। सोमवार पुनः सभी प्रत्याशीयों के सामने मतपेटी को खोला जाएगा व वोंटो की गिनती करने के पश्चात चुनाव परिणाम की घोषणा किया जाएगा। चयनित छात्र -छात्राओं के साथ -साथ बाल कैबिनेट के अन्य पदों के लिए भी छात्रों का चयन कर शपथ ग्रहण समारोह धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया को पूर्ण करने में शिक्षिका रेशमा वर्मा, इशिका पटेल, हर्षिता ठाकुर व शिक्षक संदीप सरकार, अपूर्व विश्वकर्मा व पारख साहू का विशेष योगदान रहा।

## हाई स्कूल आमागढ़ में बाल कैबिनेट का हुआ गठन, हर्षदेव बने प्रधानमंत्री



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल आमागढ़ में बाल कैबिनेट एवं ईको क्लब का गठन किया गया, जिसमें संस्था के समस्त शिक्षक गण एवं समस्त छात्र छात्रा उपस्थित होकर इस चुनाव कार्य को सम्पन्न कराया गया। मतगणना के पश्चात हर्षदेव उईके को 58, कपिलदेव गोटा 14 व ज्योति नरेटी को 03, मत प्राप्त हुआ। इस तरह हर्षदेव उईके ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कपिलदेव गोटा को 44 मतों के अंतर से पराजित किया और संस्था के बाल कैबिनेट में प्रधानमंत्री बने। उसके पश्चात कुमारी रेणुका बढ़ाई को उप प्रधानमंत्री बनाया गया साथ ही अन्य मंत्रीयो का गठन किया गया। बाल कैबिनेट का गठन पूरी चुनाव प्रक्रिया के तहत कराया गया एवं संस्था के प्रभारी प्राचार्य उदेराम भूआर्य द्वारा सर्वप्रथम अधिसूचना जारी की गई एवं अधिसूचना जारी करने के पश्चात उनको नामांकन पत्र दाखिल करने का समय दिया गया। नामांकन पत्र दाखिल करने व स्कूटनी के पश्चात उन्हें चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया। चुनाव चिन्ह आवंटित करने के पश्चात चुनाव प्रचार के लिए समय दिया गया एवं उसके पश्चात यह चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई गई। चुनाव में कुल तीन प्रत्याशीयों ने अपना किस्मत आजमाया सभी ने जोर शोर से चुनाव प्रचार प्रसार किया। समस्त चुनाव प्रक्रिया का निर्वहन स्कूल के छात्र-छात्राओं के द्वारा ही किया गया। छात्र-छात्राओं में से ही पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 01, मतदान अधिकारी क्रमांक 02, मतदान अधिकारी क्रमांक 03 और साथ ही साथ मतदान अभिकर्ता की नियुक्ति की गई। उसके पश्चात विधिवत चुनाव संपन्न कराया गया। संस्था के प्रभारी प्राचार्य उदेराम भूआर्य द्वारा सभी मंत्रियों को शपथ दिलाकर बच्चों को उस पद के महत्व को समझाया गया एवं पूरा चुनाव प्रक्रिया का संचालन सामाजिक विज्ञान के व्याख्याता सबल सिंह दीवान द्वारा किया गया।

# जामगांव के ग्रामीणों ने अवैध प्रार्थना सभा को बंद कराने के लिए सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही



नरहरपुर ब्लाक के जामगांव में अवैध रूप से संचालित हो रही चर्च में प्रार्थना सभा को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने जबरदस्त आक्रोश है। जामगांव के ग्रामीणों ने एकजुट होकर नरहरपुर तहसीलदार को आवेदन देकर अवैध रूप से चर्च में प्रार्थना सभा को तत्काल बंद करने की मांग किया है।

ग्रामीणों ने कहा कि इस सभा के माध्यम से गांव एवं आसपास के भोलेभाले लोगों को बहला फुसला कर धर्मांतरण करवाया जाता है, जिससे गांव की संस्कृति रीति नीति परम्परा को ठेस पहुंच रही है। ग्रामीणों ने बताया कि इस सबंध में पूर्व में भी तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर अवैध रूप से संचालित प्रार्थना सभा को रोक लगाने की मांग किया गया था, लेकिन अब तक किसी प्रकार की ठोस कार्यवाही नही करने से गांव में आक्रोश है। ग्रामीणों की मांग है कि ग्राम में संचालित अवैध प्रार्थना सभा को तत्काल बंद किया जाए, धर्मांतरण की गतिविधियों पर पूर्णतः रोक लगाई जाए। गांव की पारंपरिक, संस्कृति रीतिरिवाज एवं सामाजिक ढांचे की रक्षा सुनिश्चित की जाए। ग्रामीणों ने कहा कि यदि शीघ्र कारवाही नही गई तो वे उग्र आंदोलन एवं चक्का जाम करने बाध्य हो जाएंगे। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी तहसीलदार की होगी। शिकायत किए जाने के बाद आज तक तहसीलदार ने समस्या के निराकरण के लिए किसी भी तरह की कोई पहल नहीं किया है।

## शिक्षकों को मिली क्रमोन्नति पर बड़ी जीत



**पखांजुर।** शालेय शिक्षक संघ कोयलीबेड़ा के 35 शिक्षकों ने हाई कोर्ट में क्रमोन्नति वेतनमान की याचिका दायर की थी, जिसमें सभी 35 शिक्षकों के पक्ष में निर्णय आया है। राज्य शासन के नियम अनुसार हर 10 वर्ष में क्रमोन्नति वेतनमान दिया जाना है, लेकिन शासन ने क्रमोन्नति वेतनमान नहीं दिया था। हाई कोर्ट ने शिक्षकों के पक्ष में निर्णय सुनाते हुए शासन को 4 माह का समय दिया है। अब इन शिक्षकों को सम्बंधित विभागों में अपनी अभ्यावेदन प्रस्तुत करना होगा। शालेय शिक्षक संघ के संभाग अध्यक्ष विवेक राय, जिला अध्यक्ष रंजीत कर, ब्लॉक अध्यक्ष गणेश दास और अन्य नेताओं ने शासन से मांग किया है कि हाई कोर्ट के निर्णय के तहत शासन को 4 माह में इन शिक्षकों को समस्त वित्तीय लाभ देना होगा।

### स्वास्थ्य के प्रति जन जागरूकता आवश्यक : आर्य

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आज शुक्रवार को धरमपुरा स्थित आस्था निकुंज वृद्धा आश्रम में रहने वाले बुजुर्गों से भेंट की, उनका कुशल क्षेम जाना और वृद्धा आश्रम में रहने वाले बुजुर्गों को मेडिकेटेड मच्छरदानी का वितरण किया। आस्था निकुंज परिसर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण भी किया। अटल बिहारी वाजपेयी वार्ड में मलेरिया,डेंगू आदि जैसी बीमारियों से बचाव के लिये स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध करायी गयी मेडिकेटेड मच्छरदानी का वितरण वार्ड पार्षद बसंती समरथ द्वारा आरंभ किया गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज


# बिजली बिल में मनमानी जनता पर ज्यादती बढ़ोतरी वापस ले सरकार : नरेंद्र यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा



बिजली की दरों में बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेस नेता एवं गौ सेवा आयोग के पूर्व सदस्य नरेंद्र यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा की मोदी की महंगाई ने पहले ही आम जनता की कमर तोड़ रखी है। ऐसे में छत्तीसगढ़ में भाजपा की साय सरकार द्वारा बिजली की दर में बढ़ोतरी यहां के 64 लाख विद्युत उपभोक्ताओं और आम जनता के साथ ज्यादती है। सर प्लस बिजली वाले छत्तीसगढ़ राज्य में साय सरकार के 18 माह के कार्यकाल में सरकार ने तीसरी बार बिजली की दरों में वृद्धि किया है। बिजली दरों में हुई वृद्धि पहले से ही मंहगाई की मार झेल रही आम जनता पर अतिरिक्त बोझ डालने और कमर तोड़ने वाली है। कांग्रेस नेता एवं गौ सेवा आयोग के पूर्व सदस्य नरेंद्र यादव ने कहा कि साय सरकार को आम जनता को जवाब देना होगा कि सर प्लस बिजली वाले राज्य में जब बिजली उत्पादन में लगने वाला कोयला प्रदेश में उपलब्ध है एवं छत्तीसगढ़ देश के अन्य राज्यों को भी कोयला दे रहा है और जब बिजली उत्पादन से संबंधित किसी भी वस्तु की दर में अभी कोई वृद्धि नहीं हुई तो फिर बिजली दर की बढ़ोतरी क्यों की गई है। साय सरकार ने डेढ़ साल में बिजली के दाम लगभग 20 फीसदी बढ़ा दिया है। घरेलू बिजली में 10 से 20 पैसे, गैर घरेलू बिजली में 25 पैसे, कृषि काम में 50 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी की गई है। इससे पहले भी 11 प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी। यह आम जनता पर अत्याचार है। डबल इंजन की सरकार में प्रदेश की जनता पहले ही महंगाई से पीड़ित है। ऐसे में मंहगाई से राहत देने के बजाय बिजली की दर में वृद्धि करना जनता के जख्मों पर नमक छिड़कना है। जब से प्रदेश में भाजपा की साय सरकार आई है तब से बिजली बिल लगभग दो गुने आ रहे हैं। पहले स्मार्ट लगाकर बिजली बिल अनाप-शनाप बढाया गया। कांग्रेस सरकार ने विपरीत परिस्थितियों में भी बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने बिजली बिल हाफ योजना शुरू किया था, लेकिन साय सरकार ने डेढ़ साल में ही विद्युत सर प्लस वाले छत्तीसगढ़ राज्य को विद्युत कटौती का केंद्र बना दिया है।

एक ओर आम उपभोक्ता को पुरे समय बिजली नहीं दे पा रही है तो दूसरी ओर उपभोक्ताओं पर महंगी बिजली का बोझ डाल दिया है। डेढ़ साल में भाजपा की सरकार में बिजली की व्यवस्था पुरी तरह चरमरा गई है। ऐसे समय में आम जनता को कांग्रेस की भूपेश सरकार की बिजली बिल हाफ योजना और जीरो पावर कट की याद आ रही है।

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 14,500/-
9 रात व 10 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल )
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
16 अगस्त, 6 सितंबर, 17 सितंबर, 24 सितंबर, 29 सितंबर, 5 अक्टूबर 2025
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 14,500/- (+5%GST)

Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411